हरिभूमि
रायपुर - इस्पात ग्रामीण
Date 18 Jan 2022

# क्लाउड कंप्यूटिंग पर दी जानकारी

अंडा। शैलदेवी महाविद्यालय अंडा में कंप्यूटर साईंस विभाग की ओर से एक दिवसीय ऑनलाइन वेबिनार गेस्ट लेक्चर का कार्यक्रम किया गया। कंप्यूटर साइंस विभाग के सहायक प्राध्यापक केवल कुमार साहू के आग्रह पर मुख्य वक्ता पीजी अग्रवाल कॉलेज हरियाणा के कंप्यूटर साइंस डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष डाक्टर सचिन गर्ग ने क्लाउड कंप्यूटिंग के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे आज के समय में क्लाउड कंप्यूटिंग का उपयोग बढ़ता जा रहा और किस प्रकार इसका आसानी से उपयोग किया जा सकता है। डॉक्टर गर्ग ने ये भी बताया कि अगर हम पूरा सिस्टम खरीद नहीं पाते तो क्लाउड कंप्यूटिंग का उपयोग कर कुछ पैसे का भुगतान कर सकते हैं। तकनीकी सहायक के लिए कंप्यूटर साइंस विभाग के सहायक